प्रेसविज्ञप्ति दिनांक 25.07.2021

थाना कांधला

थाना कांधला पुलिस द्वारा गंगेरू रोड पर बंधन बैंक कलैक्शन ऐजेन्ट से हुई लूट में शामिल 03 बदमाश गिरफ्तार, कब्जे से लूट की नकदी से 20,200 रूपये, अवैध हथियार एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

आज दिनांक 25.07.2021 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव के आदेशानुसार लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा लूट की घटना में शामिल 03 बदमाशों को अवैध हथियार एवं लूटी गई धनराशि, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 24.06.2021 को वादी श्री मनीष पुत्र उमरदीन ब्रांच मैनेजर बंधक बैंक कांधला द्वारा थाना कांधला पर 02 अज्ञात बाइक सवार बदमाशों द्वारा उसके सहायक (कलैक्शन ऐजेन्ट) के साथ मोटरसाइकिल एक्सीडेंट कर उसके पास से पिट्ठू बैग में 1,18,070 रूपये, टैब एवं रजिस्टर आदि लूट ले जाने की घटना के सम्बन्ध में तहरीर दाखिल की। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रभारी निरीक्षक कांधला को घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

घटना का तरीकाः- गिरफ्तार अभियुक्त सारिक व मौ0 कैफ द्वारा पूछताछ में जानकारी की गई कि राहुल पहलवान ने बंधन बैंक के कर्मचारी के ग्रुप कलैक्शन करने सम्बन्धी जानकारी दी थी। जानकारी होने पर उनके द्वारा कर्मचारी की रैकी की गई तथा अवसर मिलते ही करीब 01 माह पूर्व बंधन बैंक कर्मचारी को गंगेरू रोड पर पैसों का कलैक्शन करके ले जाते समय मोटरसाइकिल से घेर कर गिरा दिया और पैसों से भरे बैग एवं अन्य सामान लूट कर भाग गये।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. सारिक पुत्र शौकीन निवासी बदरपुर थाना ट्रोनिक सिटी जनपद गाजियाबाद।
2. मौ0 कैफ पुत्र मौ0 हनीफ निवासी बदरपुर थाना ट्रोनिक सिटी जनपद गाजियाबाद।
3. राहुल पहलवान पुत्र मदनपाल निवासी गंगेरू थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1- लूट की धनराशि में से प्राप्त 20,200 रूपये।
2- अवैध तमंचा मय 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3- अवैध चाकू 02
4- मोबाइल 01
5- घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बिना नंबर (चेसिस नंबर MBLHAW085KAM71803)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1- व0उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली।
2. उ0नि0 श्री विजय त्यागी थाना कांधला जनपद शामली।
3. हे0का0 अजीत मलिक थाना कांधला जनपद शामली।
4.का0 ललित कुमार थाना कांधला जनपद शामली।
5. का0 निर्वेश थाना कांधला जनपद शामली।
6. का0 राजदीप थाना कांधला जनपद शामली।

जनपद- शामली

कोतवाली शामली

थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा दिल्ली रोड स्थित खाद व दवाई की दुकान में गल्ले से 50 हजार रूपये लूट ले जाने की घटना का किया सफल अनावरण, अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट की नकदी से 4000 रूपये बरामद ।

आज दिनांक 25.07.2021 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री सुकीर्ति माधव के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं ऐसी वारदातों में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत खाद व दवाई की दुकान के गल्ले से 50 हजार रूपये लूटकर भागने की घटना में शामिल 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 28.05.2021 को वादी विजन्त उर्फ पिंटू पुत्र जसवीर निवासी ग्राम लिलोन थाना कोतवाली शामली की दिल्ली रोड़ पर स्थित खाद व दवाई की दुकान से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दुकान के गल्ले में रखे 50 हजार रूपये लूट ले जाने की घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर तहरीर दाखिल की गयी थी। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। सूचना पर थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया गया तथा घटना के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी घटनास्थल एवं उसके आस-पास से एकत्रित की गई।

अपराध करने का तरीकाः- गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर जानकारी हुई है कि वे पिछले कुछ दिनों से उस दुकान के आस-पास खडे होकर रैकी की थी तथा मौका मिलने पर घटना को अंजाम दे दिया।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1- शुभम उर्फ डीलर पुत्र सुशील निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना झिंझाना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1- लूट की धनराशि से 4000 रूपये।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1- उ0नि0 श्री जयकिशोर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
2- हे0का0 राजकीन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।
3- का0 महताब थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।